Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 27 □ अंक- 268 □ रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सीमेंट से भरे ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा 3 की मौके पर मौत, 2 साल की मासूम गंभीर





### ढौर के पास हुआ हादसा ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**दुर्ग/भिलाईनगर** 21 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जामुल थाना अंतर्गत सीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर आज सोमवार की सुबह दर्दनाक हादसे में एक महिला व बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास कर रही है, जबकि ग्रामीण का कहना है, कि इस मार्ग पर तेज वाहनों के कारण सड़क दुर्घटना होती रहती है। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनसुार आज सुबह सीमेंट से भरी ट्रक ने युवक, युवती व दो बच्चों को चपेट में ले लिया। जिसमें युवक, युवती व उनकी भांजी की मौके पर ही मौत हो गई है, तो वही हादसे में एक बच्ची की हालत गंभीर है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना हादसा सीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर मांडले ढाबा के पास की है। ग्राम ढौर निवासी राजेश साहू (32)अपनी बहन ऋतु साहू (28) व दो भांजियों के साथ कचांदुर में गृह प्रवेश कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के बाद वह अपनी बहन व भांजियों को लेकर बाइक से लौट रहा था। इस दौरान समय रामेश्वरम महादेव मंदिर के पास सीमेंट से भरी ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में राजेश साहू, ऋतु साहू और 12 साल की भांजी की मौत हो गई। वहीं दो साल की बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए और चक्काजाम कर दिया। लोगों की मांग है कि सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगे। साथ ही मृतको के परिजनों को उचित मुआवजे की मांग भी की गई है। तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और लगातार लोगों को समझाइश दे रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक घटना स्थल पर तनाव की स्थिति बनी हुई है तथा घटना स्थल पर ट्रक के नीचे तीन का शव पड़े होने की बात कही गई है। मृतक परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## बैंक कर्मचारी अब सप्ताह में सिर्फ 5 दिन करेंगे काम, समय के साथ बदल जाएगा पूरा शेड्यूल




**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही 5दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग अब पूरी होने की उम्मीद है। फिलहाल, सरकार ने इस मांग को मंजूरी नहीं दी है, लेकिन हाल ही में भारतीय बैंक संघ और कर्मचारी यूनियनों के बीच एक समझौता हुआ है। अब सरकार की स्वीकृति का इंतजार है, और संभावना है कि इस साल के अंत तक यह मांग पूरी हो सकती है।

अगर सरकार इस प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो बैंक कर्मचारी सप्ताह में 5 दिन काम करेंगे। शनिवार और रविवार को बैंकों की छुट्टी रहेगी। अभी हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार के अलावा रविवार को बैंक बंद रहते हैं, लेकिन इस नए नियम से हर शनिवार छुट्टी हो जाएगी।बैंक के समय में बदलाव संभव अगर 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू होता है, तो बैंकों के कामकाज के घंटों में भी बदलाव होगा। मौजूदा समय में बैंक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुलते हैं, लेकिन प्रस्तावित बदलाव के बाद बैंकों का समय सुबह 9.45 बजे से शाम 5.30 बजे तक किया जा सकता है, यानी 40 मिनट का इजाफा होगा।

### कब आएगा आधिकारिक नोटिफिकेशन

सूत्रों के अनुसार, इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत तक सरकार इस पर नोटिफिकेशन जारी कर सकती है। आरबीआई की भूमिका 5-दिवसीय कार्य सप्ताह की मंजूरी में भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार की अहम भूमिका है। यह प्रस्ताव पहले आरबीआई के पास भेजा जाएगा, क्योंकि बैंकिंग से जुड़े कामकाज की निगरानी आरबीआई करता है। आरबीआई से स्वीकृति मिलने के बाद ही सरकार इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगाएगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सीट बंटवारे पर एमवीए में घमासान राउत ने कांग्रेस पर कसा तंज



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में एक महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। इसी को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। हालांकि, राज्य में सीट बंटवारे को लेकर महा विकास अघाडी (एमवीए) में सबकुछ सही नहीं लग रहा है। एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना का दावा है कि उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना और कांग्रेस के बीच घमासान लड़ाई चल रही है। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने इस बात से साफ इनकार कर दिया। मगर बातों ही बातों पर कांग्रेस पर निशाना साधा। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस की वजह से सीट बांटने में देरी हो रही, इस पर संजय राउत ने कहा, ऐसा ऐसा कुछ भी नहीं है, कांग्रेस की वजह से कोई लेटलतीफी नहीं है। मामले को आज शाम तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। कांग्रेस आलाकमान दिल्ली में है। उनके फैसले दिल्ली में होते हैं। भाजपा नेता और शिंदे गुट के नेता भी दिल्ली में हैं। इसलिए, जिनके दिल्ली में आलाकमान है, उन्हें बार-बार वहां जाना पड़ता है। हम इसके बारे में क्या ही बोल सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ज्यादा मतभेद नहीं होंगे और हम एक साथ बैठेंगे और फैसला लेंगे।

### दो गुटों के बीच फायरिंग, 10 राउंड गोलियां चलीं, एक की मौत

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (न्यूज चैनल) ।राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में दो गुटों के बीच फायरिंग का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, दोनों गुटों के बीच करीब 10 राउंड फायरिंग हुई है। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। फायरिंग जहांगीरपुरी के ष्ठ ब्लॉक्क में हुई है। बीजेआरएम अस्पताल से दीपक उर्फ पत्रकार नामक मरीज के भर्ती होने की सूचना मिली थी, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। मरीज को उसके भाई ने भर्ती कराया था। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की तहकीकात में जुट गई है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि 900 नाम की गली में दीपक अपने भाई और कुछ दोस्तों के साथ गया हुआ था।




चूहा- सुनती हो, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूटीबी) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर तनातनी चल रही है।

चुहिया- हां जी, किसी समय में दोनों 36 थे अब 63 में समय तो लगेगा..!

## आज 24 विमानों को फिर मिला बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। भारतीय विमानन कंपनियों के 24 उड़ानों को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इन विमानन कपंनियों में इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा एयर शामिल हैं जिनकी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित विभिन्न उड़ानों में बम होने की धमकी मिली। उन्होंने बताया कि इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों को धमकियां मिलीं। इस सप्ताह अब तक 90 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं जो सभी झूठी साबित हुई हैं।




इंडिगो के प्रवक्ता ने एक अलग बयान में कहा कि एयरलाइन ने उड़ान संख्या 6श्च 58 (जेद्दा से मुंबई), 6E87 (कोझिकोड से दम्माम), 6E11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6E17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6E133 (पुणे से जोधपुर) और 6E112 (गोवा से अहमदाबाद) में उत्पन्न स्थिति पर ध्यान दिया। विस्तारा ने कहा कि उसे छह उड़ानों यूके25 (दिल्ली से फ्रैंकफर्ट), यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके146 (बाली से दिल्ली), यूके116 (सिंगापुर से दिल्ली), यूके110 (सिंगापुर से पुणे) और यूके107 (मुंबई से सिंगापुर) को लेकर धमकी मिली है। विस्तारा के प्रवक्ता ने बताया, ''प्रोटोकॉल के अनुरूप, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित कर दिया गया तथा उनके निर्देशानुसार सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक अकासा एयर की छह उड़ानों क्यूपी 1102 (अहमदाबाद से मुंबई), क्यूपी 1378 (दिल्ली से गोवा), क्यूपी 1385 (मुंबई से बागडोगरा), क्यूपी 1406 (दिल्ली से हैदराबाद), क्यूपी 1519 (कोच्चि से मुंबई) और क्यूपी 1526 (लखनऊ से मुंबई) के लिए सुरक्षा चेतावनी प्राप्त हुई। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया, ''निर्धारित प्रक्रियाओं और छह विमानों के गहन जांच के बाद, उन्हें परिचालन की मंजूरी दे दी गई।

सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की कम से कम छह उड़ानों को धमकी मिली है लेकिन विमानन कंपनी की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं सामने आई है। विमानन कंपनियों को सोशल मीडिया के माध्यम से बम होने की मिली धमकियों की पृष्ठभूमि में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने शनिवार को विमानन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने विमानन कंपनियों को बम की झूठी धमकी देने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें ऐसा करने वालों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है।

## आतंकवादियों, घुसपैठियों और धार्मिक तनाव फैलाने वालों को अमित शाह की सख्त चेतावनी

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भले ही देश ने जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाकों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित कर ली है लेकिन आतंकवाद, घुसपैठ और धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और देश निश्चित रूप से 2047 तक पूरी तरह विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्ष में जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा वामपंथी चरमपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित की गयी है। हालांकि, हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। हम मादक पदार्थ, साइबर अपराध, धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश, घुसपैठ और आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहेंगे जो हमारे लिए चुनौतियां पैदा करती रहे हैं।''



गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से 36,438 पुलिसकर्मियों ने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान दी है जिनमें से 216 लोगों ने पिछले साल प्राण न्यौछावर किए। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा में बलिदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। शाह ने कहा, ''मैं शहीदों के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। देश सुरक्षित रहेगा, किसी भी चुनौती के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करेगा और भारत 2047 तक निश्चित रूप से एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।'' हम आपको बता दें कि एक जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए बुनियादी ढांचा स्थापित करने पर काम पांच साल पहले शुरू हुआ था और बाकी का काम अगले तीन साल में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''मैं देश को बताना चाहता हूं कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे आधुनिक होगी और प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई तक पूरा न्याय दिया जा सकता है।'' पुलिस कर्मियों के हित में उठाए कदमों के बारे में जानकारियां देते हुए शाह ने कहा कि पुलिसकर्मी और उनके परिवार के सदस्य 'आयुष्मान सीएपीएफ' योजना लागू होने के बाद किसी भी आयुष्मान अस्पताल में इलाज करा सकते हैं।

## 2 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी झाड़ियों के बीच खून से लथपथ मिला

**जांजगीर चाम्पा,** 21 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिला मुख्यालय जांजगीर में 2 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है. शनिवार की शाम नगर में बच्ची को गंभीर अवस्था में झाड़ियों के बीच खून से लथपथ देखा गया. जिसके बाद घायल बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया है.यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है जांजगीर कोतवाली थाना की पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चाम्पा जिला मुख्यालय के वार्ड 25 में शनिवार की शाम की यह घटना है. करीब सात बजे कचरे की ढेर के पास बेहोशी की स्थिति में दो साल की मासूम बच्ची मिली. वह खून से लथपथ थी, जिसे देख अचानक लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई. घटना की सूचना फौरन बच्ची की परिजनों और पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंचे परिजनों ने जब बच्ची को देखा तो उनके होश उड़ गए.

बच्ची के साथ दुष्कर्म की आशंका के बीच डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने बच्ची को गंभीर स्थिति में उपचार के लिए फौरन जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया है. बच्ची की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर विशेष निगरानी में उपचार कर रहे हैं.परिजनों ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है. कोतवाली थाना जांजगीर में केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है. घायल बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है. परिजनों ने कोतवाली थाना जांजगीर पहुंचकर बच्ची के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम ने रात में ही घटनास्थल का मुआयाना किया. अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ शुरू कर दिया है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है.

## लद्दाख में ड्यूटी के दौरान दुर्ग जिले का जवान हुआ शहीद

**दुर्ग,** 21 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। भारतीय सेना के जवान उमेश साहू का लेह लद्दाख में ड्यूटी के दौरान उनका निधन हो गया। करवा चौथ के दिन पति के निधन की खबर मिलने के बाद पत्नी और पूरा परिवार गम में डूब गया है, वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया है। उमेश साहू दुर्ग जिले के उतई ग्राम के पास कोडिया के रहने वाले थे। आज देर रात तक शहीद जवान का पार्थिव शरीर दुर्ग पहुंचेगा। दुर्ग से पार्थिव शरीर को उतई गृहग्राम कोडिया के लिए रवाना किया जाएगा। बताया जाता है कि जिस जगह पर उमेश साहू की ड्यूटी लगी थी वो इलाका काफी ऊंचाई वाला है। ड्यूटी के दौरान ऑ1सीजन की कमी के चलते उनकी तबीयत बिगड़ गई। बाद में जवान ने दम तोड़ दिया। उमेश १० साल पहले आर्मी में भर्ती हुए थे और तब से वो लगातार देश की सेवा में तैनात रहे। शहीद जवान उमेश साहू आर्मी में हवलदार रैंक पर तैनात थे। शहीद जवान का पार्थिव शरीर पहले रायपुर आएगा फिर दुर्ग होते हुए उतई के लिए रवाना किया जाएगा। शहीद जवान का अंतिम संस्कार गृहग्राम कोडिया में किया जाएगा। शहीद जवान उमेश अपने पीछे बीमार पिता, पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं।



## श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए आतंकी हमले में डॉक्टर और 6 मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरंग निर्माण स्थल पर रविवार शाम को हुए आतंकवादी हमले में एक डॉक्टर और छह मजदूरों समेत सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। यह हमला उस समय हुआ जब स्थानीय और गैर-स्थानीय मजदूर गुंड में निर्माण स्थल पर अपनी शिफ्ट के बाद अपने शिविर में लौट रहे थे। अधिकारियों का मानना है कि दो या उससे अधिक आतंकवादियों ने साइट पर घात लगाकर हमला किया और समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक डॉक्टर समेत अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल पांच अन्य पीड़ितों का फिलहाल इलाज चल रहा है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि मृतकों की पहचान डॉ. शाहनवाज, फहीम नजीर, कलीम, मोहम्मद हनीफ, शशि अबरोल, अनिल शुक्ला और गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) कश्मीर वी. के. बिरदी समेत वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना की कड़ी निंदा की और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया। शाह ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, 卐जम्मू-कश्मीर के गगनगीर में नागरिकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला कायरतापूर्ण कृत्य है।

## पांच दिन से लापता पंडो की जंगल में मिली लाश



■ **पुलिस को गुमराह करने साथी पंडो ने बताई थी अलग कहानी**

**बलरामपुर,** 21 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। आखिरकार 5 दिनों से लापता विक्रम पंडो की लाश मिल गई है, लेकिन जिस जगह से मिली और जिस हालात में मिली वह पूरी तरह से दूसरी कहानी कह रही है. पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले दूसरे पंडो ने अज्ञात हमलावरों की मार से बचने के लिए जंगल में मृतक के भागने की बात कही थी. बता दें कि देवलाल पंडो ने 18 अक्टूबर को वाड्रफनगर पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें विक्रम पंडो के साथ कोटराही में चाची के घर से 16 अक्टूबर को रात को लौटते समय चार बाइक सवार अज्ञात हमलावरों के मारपीट करने की बात कही थी. मारपीट से डरकर विक्रम के जंगल की ओर भागने और खुद जान बचाकर किसी तरह घर आने की बात कही थी. लेकिन देवलाल पंडो के बयान में विरोधाभाष इतने थे कि पुलिस पूछताछ में जल्द ही उसने सही कहानी बयां कर दी.

पुलिस के बताए अनुसार, देवलाल पंडो और मृतक विक्रम पंडो कोटराही गांव से बकरा चोरी कर 16 अक्टूबर की रात को जंगल के रास्ते आ रहे थे. इसी दौरान शिकार के लिए बिछाए गए विद्युत तार की चपेट में आने से विक्रम पंडो और चोरी के बकरे की मौके पर मौत हो गई. वहीं तार की चपेट में आने से घायल देवलाल किसी तरह से घर पहुंचने में कामयाब रहा. दो दिनों तक विक्रम के घर नहीं पहुंचने पर उसके परिजन पूछताछ करने जब विक्रम के पास पहुंचे तो उसने गुमराह करने के लिए अज्ञात हमलावरों के मारपीट करने की कहानी गढ़ डाली और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते समय इसी कहानी को दोहरा दिया. लेकिन कहानी का सिर-पैर नहीं होने की वजह से ज्यादा देर टिक नहीं पाई और हकीकत सामने आ गई. पुलिस अब जंगल से विक्रम का शव बरामद करने के बाद घटना की तह तक पहुंचने के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है.